रविवार 30 जुलाई 2023

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज



अमृत भारत योजना के तहत 39 करोड़ की लागत से डुमरांव स्टेशन का होगा कायाकल्प





विश्वामित्र हॉस्पीटल गोलम्बर बक्सर में डा.यूके सिंह व डा. आर के झा के टीम के द्वारा दूरबीन विधी से प्रोस्टेट, जीबी स्टोन, किडनी स्टोन, अपेंडिक्स , हर्निया, बच्चेदानी, बवासीर, पेट में गांठ या ट्यूमर, ब्रेस्ट ट्यूमर आदि का सफल ऑपरेशन होता है।

मंदाकिनी सलिल चंदन चर्चिताय नंदीश्वर प्रमथनाथ महेश्वराय। मंदारपुष्प बहुपुष्प सुपूजिताय तस्मे मकराय नमः शिवाय।।

सावन महीने के पावन अवसर पर सभी जिलेवासियों एवं शिवभक्तों व कांवरियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

विश्वामित्र हॉस्पीटल

लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जन

विश्वामित्र हॉस्पीटल गोलम्बर,बक्सर

मोबाईल नम्बर - 9122950441

मन छोड़ व्यर्थ की चिंता तू शिव का नाम लिए जा शिव अपना काम करेंगे तू अपना काम किए जा

### बोकारो, अमरोहा और राजकोट में हाईटेंशन तार की चपेट में आया ताजिया, 50 से अधिक लोग झुलसे

# मातम में बदला मुहर्रम जुलूस, आठ की मौत

- करंट लगने से बोकारो में चार, गुजरात के राजकोट और उत्तर प्रदेश के अमरोहा में दो-दो लोगों की गई जान
- करंट लगने से घायल कई लोगों का अस्पताल में चल रहा इलाज

**एजेंसी/नई दिल्ली**

मुहर्रम पर शनिवार को देश भर में मातमी जुलूस निकाला गया। इस बीच झारखंड के बोकारो, उत्तर प्रदेश के अमरोहा और गुजरात के राजकोट में मुहर्रम पर निकाला ताजिया हाईटेंशन तार की चपेट में आ गया। इससे बोकारो में चार, अमरोहा और राजकोट में दो-दो लोगों की मौत हो गई। वहीं इस दौरान 50 से अधिक लोग घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार बोकारो के बेरमो इलाके के खतको में शनिवार सुबह करीब 6 बजे जुलूस निकाला गया। सैकड़ों की संख्या में लोग इसमें शामिल थे। इसी दौरान तजिया 11000 वोल्ट के तार के संपर्क में आ गया। जिससे तजिया जुलूस में रखी बैट्री में जोर का ब्लास्ट हुआ। इससे करंट की चपेट में आने से चार लोगों की मौत हो गई। जबकि कई लोग घायल हो गए। इनमें 9 लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है।


बोकारो में निकाले गए जुलूस के दौरान हुए हादसे के बाद कुछ देर के लिए अफरातफरी मची रही।


यूपी के अमरोहा में निकाला गया ताजिया जुलूस तार की चपेट में आकर जलने लगा।

## हादसे के बाद बदहवास हो लोग भागने लगे इधर-उधर

हादसे से थोड़ी देर के लिए वहां अफरातफरी का माहौल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से हादसे में घायल हुए लोगों को इलाज के लिए डीवीसी बोकारो थर्मल अस्पताल ले जाया गया। हादसे में चार लोगों की मौत की पुष्टि की गई। जबकि 9 लोग बुरी तरह से घायल बताए जा रहे हैं। हादसे के बाद हॉस्पिटल में कुछ देर के लिए हंगामा भी हुआ। घायलों के साथ पहुंचे लोगों ने एंबुलेंस नहीं होने और बदइंतजामी के बाद लोगों ने हो-हल्ला भी किया। हालांकि बाद में गंभीर रूप से घायल लोगों को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

## राजकोट में जुलूस निकाल रहे 26 लोगों की लगी करंट

गुजरात के राजकोट में मुहर्रम का जुलूस निकालते समय बड़ा हादसा हो गया। यहां जिले के धोराजी में ताजिया निकालते वक्त करंट आने से 26 लोग चपेट में आ गए। ताजिया में करंट आने से अफरा-तफरा मच गई और भगदड़ मच गई। इससे दो लोगो की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार यह घटना धोराजी के रसूलपारा इलाके में हुई है। यहां इमाम हुसैन की कब्र के प्रतीक के रूप में ताजियों में से एक ताजिया बिजली लाइन से टच हो गया। बिजली लाइन से छूने के कारण ताजिया लेकर चल रहे लोग इसकी चपेट में आए गए।

## अमरोहा में तार में सटने से धू-धू कर जलने लगा ताजिया

यूपी के अमरोहा स्थित पतेई खालसा गांव में मोहर्रम का जुलूस निकालते समय ट्रैक्टर ट्रिपलर पर रखे 35 फीट ऊंचे ताजिये पर अचानक 132 केवीए की हाईटेंशन लाइन का करंट उतर आया। तेज धमाके के साथ ताजिये में आग लग गई। थोड़ी देर में ताजिया धू-धू कर जलने लगा। करंट उतरते ही ट्रैक्टर-ट्रिपलर पर बैठे 30 लोग बुरी तरह झुलस गए। गंभीर रूप से घायल किशोर समेत दो की मौत हो गई। अस्पताल में डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद मौके पर मातम पसर गया। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने घायलों को मुरादाबाद के टीएमयू में भर्ती कराया। जहां कई की हालत गंभीर बनी हुई है। जानकारी के अनुसार ताजिया के जुलूस में करीब 400 से 500 लोग शामिल थे। इस दौरान करीब 35 फिट ऊंचा ताजिया ट्रैक्टर-ट्रिपलर में रखा हुआ था। जबकि अलग अलग छोटे तीन ताजियों को लोग कंधे पर लेकर चल रहे थे। जैसे ही लोग ताजिया पतेई खालसा गांव की मस्जिद से उठाकर ढकिया चमन रोड स्थित कब्रिस्तान के पास पहुंचे थे। बड़े ताजिये में करीब पांच से छह फीट ऊंची लोहे के सरिये में झंडा लगा हुआ था। तभी सड़क के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन करंट ताजिये पर उतर आया। तेज धमाके के साथ ताजिये में आग लग गई।

# तमिलनाडु में पटाखा फैक्ट्री के गोदाम में विस्फोट से आठ मरे

- फैक्ट्री के अंदर विस्फोट से आसपास की दुकानों और घरों में लगी आग
- हादसे में मृतक के परिजनों को 3 लाख व घायलों को 50 हजार रु देने का ऐलान

**एजेंसी/कृष्णागिरि**



तमिलनाडु के कृष्णागिरि जिले में शनिवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। यहां एक पटाखा फैक्ट्री के गोदाम में विस्फोट हो गया। इसमें कुल 8 लोगों की मौत हो गई, जबकि करीब 10 लाख झुलस गए। मरने वालों में तीन महिलाएं शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि जिले के पझायापेट्टई में पटाखा बनाने की यूनिट में सुबह करीब 10 बजे यह हादसा हुआ। 2 महिला मजदूर पटाखा बनाने में इस्तेमाल होने वाले बारूद को उठाकर ले जा रही थीं। तभी उसमें धमाका हो गया। यूनिट में करीब 12-15 मजदूर काम कर रहे थे। इनमें से कई घायल हो गए। कितने लोग घायल हुए यह सही संख्या अभी पता नहीं चल सकी है। धमाके से लगी आग ने आसपास के घर और दुकानों को भी चपेट में ले लिया। तीन घरों को नुकसान पहुंचा है। एक होटल भी थी इसकी दीवार भी ढह गई।

तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने मारे गए लोगों के परिजन के लिए 3-3 लाख रुपए, गंभीर घायलों के लिए 1-1 लाख रुपए और मामूली घायलों के लिए 50-50 हजार रुपए मदद का ऐलान किया है। उधर, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने हादसे पर दुख जताया है और हादसे में मारे गए लोगों के परिवार को पीएमएनआरएफ से 2 लाख रुपये और घायलों को 50,000 रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की। कृष्णागिरी के एसपी सरोज कुमार ठाकोर ने कहा कि पलायपेट्टई इलाके में रवि नाम के व्यक्ति की पटाखा फैक्ट्री के अंदर विस्फोट हुआ। आग आसपास की दुकानों और घरों तक फैल गई। पुलिस और दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे और बचाव अभियान चलाया।

# मुजफ्फरपुर में दुकान में घुसकर दुकानदार की गोली मारकर हत्या

**केटी न्यूज/मुजफ्फरपुर**

मुजफ्फरपुर जिले के सहबाजपुर इलाके में बदमाशों ने शुक्रवार की देर रात एक किराना दुकान में घुसकर दुकानदार की गोली मार दी। इलाज के लिए स्थानीय लोगों ने निजी अस्पताल में उसे भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि दो बाइक सवार बदमाशों ने दुकानदार को पांच गोली मारी। इस घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गई. पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार सहबाजपुर इलाके में शुक्रवार की देर रात बदमाशों ने सादतपुर निवासी युवक राहुल कुमार की गोली मारकर हत्या की गई है। घटना के संबंध में मृतक के भाई धीरज ने बताया कि राहुल दुकान बंद करने की तैयारी में था, जहां अचानक उसे बदमाशों ने गोलियों से भून दिया। इसके बाद स्थानीय लोग उसे अस्पताल में लेकर चले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं, इस घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

**मृतक के भाई का रहा है आपराधिक इतिहासः** घटनास्थल पर पहुंचे सिटी एसपी अरविंद प्रताप सिंह ने बताया कि मृतक युवक का व्यक्तिगत विवाद भी रहा है। वहीं, इसके भाई का भी आपराधिक इतिहास रहा है, जो अभी भी जेल में बंद है। मामले की छानबीन की जा रही है।

## बिहार में आज से फिर सक्रिय हो रहा मॉनसून बारिश की संभावना

**पटना।** बिहार में एक बार फिर से मॉनसून एक्टिव होने जा रहा है. करीब 15 दिनों से प्रदेश के ज्यादातर जिलों में बारिश नहीं होने से गर्मी से लोगों का हाल बेहाल है। अब लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है। मौसम विभाग के अनुसार रविवार से पूरे बिहार में मॉनसून सक्रिय हो सकता है। खासकर दक्षिण बिहार में मॉनसून पूरी तरह सक्रिय रहेगा। रविवार को राजधानी पटना के अलावा भभुआ, नालंदा, जमुई और पश्चिम चंपारण जिले में भारी बारिश के साथ मेघ गर्जन और वज्रपात की चेतावनी दी गई है। इसके अलावा दक्षिण बिहार के अधिसंख्य जिलों में मध्यम स्तर की वर्षा होने का पूवार्नुमान है। बारिश होने से पानी की आस लगाए किसानों को बड़ी राहत मिलेगी।

# रामदास अठावले का दावा... एनडीए में कभी आ सकते हैं नीतीश कुमार

**एजेंसी/पटना**

नीतीश कुमार कभी भी एनडीए में आ सकते हैं। नीतीश को लेकर यह दावा मोदी सरकार के मंत्री रामदास अठावले ने किया है। पटना में मीडिया से बात करते हुए अठावले ने कहा कि नीतीश कुमार हमारे रहे हैं, वह कभी भी हमारे साथ आ सकते हैं। नीतीश पहले भी इधर से उधर और उधर से इधर आते जाते रहे हैं। नीतीश कुमार को लेकर जब मीडिया ने उनसे पूछा कि क्या नीतीश कुमार फिर से एनडीए का हिस्सा बनने की पहल करेंगे तो उन्हें स्वीकारा जाएगा। इस पर अठावले ने कहा कि वे पहले भी हमारे साथ रहे हैं और कभी भी हमारे साथ आ सकते हैं। उन्होंने कहा कि वे नीतीश कुमार से आग्रह करते हैं कि वे मुंबई की मीटिंग में ना जाएं।



रामदास अठावले बिहार में विभिन्न कार्यक्रमों के सिलसिले में आए हुए हैं। उन्होंने मुंगेर का भी दौरा किया था। रामदास ने बिहार में हुए विकास को लेकर भी नीतीश कुमार की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि वे एक दिन पहले ही मुंगेर गए थे। बिहार में सड़कों सहित अन्य क्षेत्रों में बढिया काम हुआ है। उन्होंने कहा कि वे काफी पहले जब बिहार आए थे तब बिहार में सड़कें अच्छी नहीं थी। लेकिन अब बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में काफी बढ़िया काम हो रहा है।

सावन के पावन महीने के अवसर पर सभी जिले वासियों, कांवरियों व ग्राहकों को शुभकामनाएं

जय श्रीमन्नारायण

HOTEL ANAND VIHAR & RESTAURANT

होटल आनंद विहार एंड रेस्टोरेंट

24 x 7 सेवा उपलब्ध

शादी-विवाह, तिलक, मुण्डन, बर्थ-डे पार्टी एवं अन्य शुभ अवसरों के लिए बुकिंग कराएं।

- Fully air conditioned room
- Banquet Hall
- Conference Hall

RESTAURANT

स्वादिष्ट व सस्ता भोजन उपलब्ध

फास्ट-फूड, शाकाहारी व मांसाहारी भोजन मेनू के अनुसार व्यवस्था

Near Dumraon Railway Station, BUXAR | Mob +91 8210408264

R. L. COMPLEX

DUMRAON

TRENDS MALL

आपके बजट में डिजाईनिंग कपड़ों की विशाल रेंज उपलब्ध

R. L. COMPLEX 2nd & 3rd Booking open

Station road Dumraon
Near Vishnu bhgawan Mandir
Buxar, Bihar

Vinod Kumar Rai

R. L. COMPLEX

ANAND VIHAR HOTEL & RESTAURANT

Mob - +918340717039

Director

### पीएम मोदी ने प्रगति मैदान में अखिल भारतीय शिक्षा समागम 2023 का किया उद्घाटन

# अब पूरे देश के सीबीएसई स्कूलों में होगा एक तरह का सिलेबस : मोदी

**एजेंसी/नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रगति मैदान के भारत मंडपम में शनिवार को अखिल भारतीय शिक्षा समागम 2023 का उद्घाटन किया। नई शिक्षा नीति की तीसरी वर्षगांठ के मौके पर इस समागम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तीन साल पूरे होने पर उन्होंने देशभर के बुद्धिजीवियों का आभार प्रकट किया, जिन्होंने इसे एक मिशन की रूप में लिया और आगे भी बढ़ाया। पीएम मोदी ने पीएम श्री योजना के तहत राशि की पहली किस्त भी जारी की। पीएम मोदी ने कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क तैयार हो गया है। जल्द ही इसे लागू कर दिया जाएगा। पूरे देश में सीबीएसई



स्कूलों में एक तरह का सिलेबस होगा। इसके लिए एनसीईआरटी की नई पाठ्य पुस्तकें तैयार हो रही हैं। तीसरी से 12वीं कक्षा तक 130 विषयों की नई किताबें आ रही हैं। अब किताबें 22 भारतीय भाषाओं में होगी। युवाओं की प्रतिभा को उनकी भाषा के आधार पर अब नहीं देखा जाएगा।

## भारत को अनुसंधान और नवाचार का केंद्र बनाना है

पीएम मोदी ने नई शिक्षा नीति के तीन साल पूरे होने पर कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति का लक्ष्य भारत को अनुसंधान और नवाचार का केंद्र बनाना है। पीएम मोदी ने कहा, ये शिक्षा ही है जिसमें देश को सफल बनाने, देश का भाग्य बदलने की सर्वाधिक ताकत है। आज 21वीं सदी का भारत जिन लक्ष्यों को लेकर आगे बढ़ रहा है, उसमें हमारी शिक्षा व्यवस्था का भी बहुत ज्यादा महत्व है। आप सभी इस व्यवस्था के प्रतिनिधि है, ध्वज वाहक हैं, इसलिए अखिल भारतीय शिक्षा समागम का हिस्सा बनना मेरे लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण अवसर है।

## विद्या के लिए विमर्श और शिक्षा के लिए संवाद जरूरी

उन्होंने कहा कि मैं मानता हूं विद्या के लिए विमर्श जरूरी होता है, शिक्षा के लिए संवाद जरूरी होता है। मुझे खुशी है, अखिल भारतीय समागम के इस सत्र के जरिए हम विमर्श और विचार की अपनी परंपरा को और आगे बढ़ा रहे हैं। इसके पहले ऐसा आयोजन काशी के नवनिर्मित रुद्राक्ष सभाग्रह में हुआ था। इस बार यह समागम दिल्ली के इस नवनिर्मित भारत मंडपम में हो रहा है। खुशी की बात यह है कि विधिवत रूप से भारत मंडपम के लोकार्पण के बाद यह पहला कार्यक्रम है और खुशी इसलिए बढ़ जाती है कि पहला कार्यक्रम शिक्षा से जुड़ा कार्यक्रम हो रहा है।

## घंटे भर बाधित रहा आवागमन, पुलिस की समझाइश से शांत हुआ मामला

# इलाज के दौरान बच्ची की मौत सड़क जाम कर किया हंगामा


**केटी न्यूज/आरा**

टाउन थाना क्षेत्र के महावीर टोला स्थित प्राइवेट हॉस्पिटल में शुक्रवार की रात इलाज के दौरान एक बच्ची की मौत हो गयी। मृत बच्ची नवादा थाना क्षेत्र के जवाहर टोला निवासी अजय कुमार की पांच वर्षीया पुत्री शिवानी कुमारी थी। वह आंगनबाड़ी में पढ़ती थी।बताया जाता है कि शिवानी की तबीयत खराब होने के बाद उसे गुरुवार की रात सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के बाद शुक्रवार की सुबह उसे उसे रेफर किया गया था। जिसके बाद उसे महावीर टोला स्थित प्राइवेट हॉस्पिटल लाया गया। इधर, बच्ची की मौत के बाद उसके परिजन आक्रोशित हो उठे। अक्रोशित परिजन ने प्राइवेट हॉस्पिटल के चिकित्सक और कंपाउंडर पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए सड़क पर हंगामा करने लगे। परिजनों ने बच्ची के शव रख सड़क जाम कर दिया। परिजनों ने चिकित्सक और कंपाउंडर को गिरफ्तार करने एवं मुआवजा की मांग किया। जाम के कारण करीब घंटे भर आवागमन पूरी तरह बाधित रहा।



■ परिजनों ने चिकित्सक व कंपाउंडर पर लापरवाही बरतने का लगाया आरोप

सूचना मिलने पर टाउन थानाध्यक्ष संजीव कुमार और नवादा थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार अपने पुलिस बल के साथ पहुंचे। दोनों अफसरों द्वारा समझाकर किसी तरह बच्ची के परिजनों को शांत कराया। उसके बाद आवागमन बहाल किया जा सका और परिजन शव घर ले गये। बच्ची के चाच नागदेव पासवान ने बताया कि गुरुवार की रात शिवानी की तबीयत थोड़ी सी खराब हो गयी थी। उसके बाद उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया था। वहां इलाज के बाद सुबह उसे रेफर कर दिया गया। तब दलाल उन्हें महावीर टोला स्थित एक निजी अस्पताल लेकर आया। जहां उसे भर्ती कर उसका इलाज शुरू किया गया। उस दौरान अस्पताल में मौजूद कंपाउंडर ने पैसा जमा करने की बात कही। जिसके बाद आठ हजार रुपये भी जमा किया गया। इलाज के दौरान कंपाउंडर ने बताता रहा कि उनकी बेटी बिल्कुल ठीक है। अगले दिन उनकी बच्ची सही सलामत घर जाएगी। इस बीच शुक्रवार की रात उसकी मौत हो गयी। नागदेव पासवान का कहना था कि चिकित्सक एक बार भी बच्ची को देखने नहीं आये। कंपाउंडर ही उसका इलाज करता रहा। जिसके कारण उसकी मौत हो गयी। पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।




# किशोरी से जबरन देह व्यापार कराने के मामले में 4 पर प्राथमिकी, महिला धरायी

- पीड़िता की बुआ ने आरोपित महिला को दी थी पालने की जिम्मेदारी
- किशोरी ने नवादा थाना चार पर दर्ज करायी थी प्राथमिकी

**केटी न्यूज/आरा**

जिला मुख्यालय में एक किशोरी से जबरन देह व्यापार कराने का मामला सामने आया है। जिसमें महिला ने पहले 13 साल की किशोरी को पहले नाचने पर मजबूर किया और उसके बाद किशोरी से गंदा काम करने को मजबूर किया। उसके परिजनों ने आरोपित महिला को लालन पोषण की जिम्मेदारी दी थी, लेकिन महिला उससे देह व्यापार कराने लगी। मामले में किशोरी ने नगर थाने में महिला समेत चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी भी दर्ज करायी। जिसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महिला को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही, धंधे में शामिल लोगों को पकड़ने के लिए छापेमारी की जा रही है।

पुलिस ने बताया कि पकड़ी गई महिला तरी मोहल्ले की रहने वाली पूजा देवी है। वहीं बंधक बनाई गई किशोरी मूल रूप से पटना की रहने वाली है। जन्म के समय ही उसकी मां की मौत हो गई थी। जिसके बाद वह अपनी बुआ के घर रहने लगी थी। कुछ साल बाद उसकी बुआ उसे पूजा देवी के घर छोड़ कर दिल्ली चली गयी। जिसके बाद पूजा देवी की नीयत बिगड़ने लगी। उसके ने पहले किशोरी को नाचने पर मजबूर किया। उसके बाद उससे गंदा धंधा कराने लगी। महिला किशोरी को लड़कों के साथ भेजने लगी थी। जिससे परेशान होकर किशोरी ने शिकायत दर्ज करायी थी। पुलिस ने किशोरी की मेडिकल जांच और बयान दर्ज करने के बाद कार्रवाई में जुटी है। फिलहाल किशोरी को अल्पावास गृह भेजा गया है।

## इलाज करा घर लौट रहे छात्र की ट्रेन से गिरने से मौत

**आरा।** दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर जमीरा हाल्ट स्थित पश्चिमी गुमटी के समीप डाउन लाइन पर ट्रेन से गिरकर एक युवक की मौत हो गई। घटना को लेकर काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही। मृतक जमीरा गांव वार्ड नंबर 10 निवासी लाल बहादुर राय का बेटा जितेश कुमार बताया जा रहा है।? मृतक के बड़े भाई अमरजीत कुमार ने बताया कि जितेश शुक्रवार की शाम इलाज कराने आरा जाने की बात कह घर से निकला था। रात में वह घर नहीं लौटा, तो शनिवार की सुबह उसे फोन किया गया। तब उसने कहा कि पैसेंजर ट्रेन से वो गांव आ रहा है। ट्रेन के गुजरने के बाद भी वह नहीं पहुंचा, तो खोजबीन के लिए निकले। उस दौरान वे लोग हाल्ट पर पहुंचे, तो वहां मौजूद लोगों ने कहा कि एक व्यक्ति ट्रेन से गिर गया है। जिसकी मौत हो गयी है। उस आधार पर वे लोग घटनास्थल पर पहुंचे। जहां जितेश मृत अवस्था में पड़ा मिला। सूचना मिलने पर रेल पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। हादसे की खबर सुनने के बाद उसके घर में हाहाकार मच गया है।




करतब दिखाते युवा


जुलूस में शामिल युवा


करबत दिखाता युवा

**बक्सर।** त्याग एवं बलिदान के पर्व मोहर्रम को लेकर जिले के सभी प्रखंडों में के विभिन्न इस्लामियां कमिटियों द्वारा शनिवार को जुलूस निकाला गया। तजिया जूलूस क्षेत्र के विभिन्न चौक से चलकर नगर का भ्रमण करते हुए कर्बला में पहलाम किया। साथ ही युवाओं ने चिन्हित स्थानों पर तजिया रख गदका, तलवारवाजी समेत विभिन्न हथियारों से करतब दिया। इस गमजादे जुलूस के दौरान या अली या हुसैन के नारें से पूरा इलाका गूंज उठा था। सोनवर्षा के इस्लामिया कमिटी के सदस्यों ने तजिया को सोनवर्षा सब्जी बाजार चौक निर्धारित समय से लेकर पाठक जी के हाता, पूरानी तजिया चौक, महादलित बस्ती, पटेल चौक होते हुए सोनवर्षा के कर्बला में तजिया को पहलाम किया। इस्लामियां कमिटी के सदस्यों ने बताया कि तजिया एवं आखाड़ा जूलूस शांति पूर्ण संपन्न हो गया। प्रशासन की पूर्व तैयारियों और निगरानी की बदौलत किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना नहीं हुई।

## उपकारी ब्रह्म बाबा के समीप रेलवे ट्रैक पर मिला जीजा-साली का शव



**केटी न्यूज/बक्सर**

दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर शुक्रवार की सुबह डुमरांव व बक्सर के बीच स्थित उपकारी ब्रह्म बाबा के समीप दो शव मिला। जिसके बाद आसपस के इलाकों में सनसनी मच गई। सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ जुटने लगी। इस बीच ग्रामीणों ने मामले की सूचना जीआरपी को दी। जिसके बाद जीआरपी के जवान मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर छानबीन करने लगे। जीआरपी को पास में खड़ी उनकी बाइक भी मिली।

इस बीच, मौके पर युवक की जेब से मिले कागजातों के अनुसार मालूम चला कि मृत युवक भोजपुर जिले के नारायणपुर थाना अंतर्गत केश्वपुर निवासी महेंद्र सिंह का बेटा रविशंकर कुमार सिंह हैं। वहीं, मृत युवती भोजपुर जिले के गड़हनी थाना क्षेत्र के लसाढ़ी गांव निवासी दीपक कुमार सिंह की बेटी सोनाली कुमारी हैं। जिसके बाद जीआरपी ने संबंधित थानों में मामले की सूचना दी। जिसके बाद जीआरपी ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

इधर, घटना के संबंध में जीआरपी प्रभारी अखिलेश सिंह यादव ने कहा कि मृतकों के परिजनों के अनुसार दोनों रिश्ते में जीजा-साली थे। दोनों अपकारी ब्रह्म बाबा दर्शन के लिए आए थे। जहां ट्रैक पार के दौरान हादसा हुआ है। बताया कि परिजनों का बयान दर्ज करने के बाद शवों का पोस्टमार्टम कराकर उन्हें सौंप दिया गया। वहीं, स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि दोनों को सुबह में बाइक आता देखा गया था। उन्होंने बताया कि उपकारी ब्रह्म बाबा के पास लोग दर्शन के लिए आते हैं। रेलवे ट्रैक होने के कारण लोगों को ट्रैक पार करके आना पड़ता है। इसलिए लोगों ने ध्यान नहीं दिया। इस बीच थोड़ी देर बाद लगभग 10 बजे ट्रैक के पास उनका सिर कटा शव बरामद किया गया। अब, जीआरपी जांच से ही पता चलेगा कि मामला दुर्घटना का है या फिर आत्महत्या का।

## खबरें फटाफट

### टॉप टेन अपराधियों में शामिल विशाल श्रीवास्तव गिरफ्तार

बक्सर। जिले के टॉप 10 अपराधियों में शामिल विशाल श्रीवास्तव को आखिरकार बक्सर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बक्सर पुलिस में विशाल को 28 जुलाई की रात चौसा रेलवे स्टेशन के समीप गिरफ्तार किया। इस संबंध में शनिवार को बक्सर एसपी नीरज कुमार सिंह ने प्रेस वार्ता कर मामले का खुलासा किया। बताया जाता है कि गुरुवार की देर रात बक्सर एसपी को सूचना मिली की विशाल श्रीवास्तव चौसा रेलवे स्टेशन के समीप देखा गया है। जिसके बाद एसपी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए डीआईयू प्रभारी युसूफ अंसारी के नेतृत्व में टीम गठन कर विशाल की गिरफ्तारी के लिए भेजा। जिसके उपरांत युसूफ अंसारी अपनी टीम के साथ छापेमारी के लिए चौसा रेलवे स्टेशन पहुंचे। जहां उन्होंने चौसा स्टेशन के समीप जिले के कुख्यात और जिले के टॉप टेन अपराधियों में शामिल विशाल श्रीवास्तव को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार करने के बाद उसे पूछताछ के लिए थाने लाया गया। जहां पूछताछ के दौरान विशाल श्रीवास्तव ने बताया कि उसके ऊपर बक्सर जिला के विभिन्न थानों में विभिन्न मामले दर्ज किए गए हैं। जिसमें लूट, डकैती, हत्या व आर्म्स एक्ट के मामले दर्ज हैं। विशाल की गिरफ्तारी के बाद पुलिस टीम हरकत में आ गई। साथ ही, उसकी निशानदेही पर उसके गिरोह के सदस्यों की छापेमारी के लिए कार्रवाई शुरू कर दी गई।

### सड़क हादसे में सैलून संचालक की मौत

**डुमरांव।** सड़क दुघर्टना में सैलून संचालक की मौत हो गई। घटना शनिवार की सुबह सिमरी थाना क्षेत्र के मझवारी मोड़ के समीप हुई। वे थाना क्षेत्र के चांदपाल गांव से पुराना भोजपुर दुकान आ रहे थे। उसी दौरान अचानक एक कुत्ता सामने आ गया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों व परिजनों द्वारा बक्सर गोलम्बर स्थित विश्वामित्र हॉस्पीटल ले जा गाया। जहां लगभग सात घंटे चले ईलाज के बाद मौत हो गई। मृतक की पहचान सिमरी थाना क्षेत्र के चांदपाली गांव निवासी रामजी ठाकुर 45 पिता स्व. शिवजी ठाकुर के रूप में हुई है।

## प्रस्तावित योजना स्थलों का डीआरएम ने लिया जायजा, दिए दिशा-निर्देश

# अमृत भारत योजना के तहत 39 करोड़ की लागत से डुमरांव स्टेशन का होगा कायाकल्प

■ स्टेशन के पूर्वी छोर से पश्चिमी छोर तक होगा कुल 20 बड़े यात्री शेड्स का निर्माण

**केटी न्यूज/डुमरांव**

दानापुर रेल डिवीजन के डीआरएम जयंत कुमार चौधरी के साथ वरीय अधिकारियों ने शनिवार को दानापुर-पीडीडीयू रेखखंड पर स्थित डुमरांव रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। डुमरांव स्टेशन के कायाकल्प को लेकर डीआरएम ने दौरा किया। उन्होंने अपने सैलुन ससे उतरने के बाद स्टेशन कंट्रोल रूम से लेकर फुटपाथ तक का जायजा लिया। इस दौरान रेल यात्री कल्याण समिति के अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह ने डीआरएम को बुके देकर स्वागत किया। जिसके बाद डीआरएम ने स्टेशन के कायाकल्प को लेकर प्रस्तावित स्थानों का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि अमृत भारत योजना के तहत करीब 39 करोड़ रुपये की लागत से डुमरांव रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का विकास और स्टेशन का कायाकल्प किया जाना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी छह अगस्त को भारत के इसकी आधारशिला रखेंगे। रेलवे के इस कार्ययोजना को धरातल पर उतारने और इस मास्टरप्लान को सफल बनाने के लिए डीपीआर भी तैयार हो चुका है। जिसको लेकर डुमरांव रेलवे स्टेशन के विकास और प्लेटफार्मों का जायजा लिया जा रहा है।



स्टेशन पर होंगी ये युविधाएं :

डीआरएम जयंत कुमार चौधरी ने बताया कि डुमरांव रेलवे स्टेशन के डीपीआर तैयार हो चुका है। जिसके मास्टरप्लान के तहत 12 मीटर चौड़े फुट ओवरब्रिज का निर्माण किया जाएगा। स्टेशन के पूर्वी छोर से पश्चिमी छोर तक कुल 20 बड़े यात्री शेड्स का निर्माण होना है। डुमरांव रेलवे स्टेशन पर अप और डाउन मिलाकर चार प्लेटफार्मों का हाई लेवल निर्माण कराया जाना है। साथ ही, आधुनिक तरीके से वातानुकूलित वेटिंग हॉल के साथ टिकट घर, पार्किंग एरिया में सारी सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा शीतल पेयजल के स्त्रोतों की संख्या बढ़ाया जायेगा। सभी प्लेटफार्मों पर जरूरत के मुताबिक शौचालय का निर्माण किया जाएगा। रेल विभाग ने डुमरांव स्टेशन पर फूड प्लाजा और सिटी सेंटर बनाने का भी लक्ष्य रखा है। रेलवे स्टेशन के आधुनिकीकरण को लेकर सड़कों और पोर्टिको एरिया का चौड़ीकरण किया जायेगा। इसके अलावा रेलवे स्टेशन पर जल निकासी की सुविधाओं में भी सुधार किया जायेगा। जिसमें नालियों को आधुनिक तरीके से डिजाइन किया जायेगा। इसके अलावे टिकट घर और प्लेटफार्मों पर यात्रियों को बैठने की सुविधा मिलेगी। दिव्यांगजनों के लिए अलग से सुविधाएं होगी।

मौके पर एडीआरएम आधार राज, सीनियर डीएसटीई मनीष कुमार, डीसीएम प्रवीण कुमार सिन्हा, डीओएम अनन्या स्मृति, सहायक सुरक्षा आयुक्त उजल दास, एईएन राजेश मीणा, स्टेशन प्रबंधक सचिंद्र कुमार, सीटीआई अशोक कुमार, टीआई रवि प्रकाश, आरपीएफ इंस्पेक्टर दीपक कुमार, स्टेशन मास्टर अविनाश चंद्रा, धर्मवीर सिंह, रेल यात्री कल्याण समिति अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह, बीएस अनिल कुमार जितेंद्र दुबे, अनिल केशरी, डा. संजय सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।


कुमार अर्थोपैडिक मल्टी स्पेस्लिटी क्लिनिक

डा. बीरेन्द्र कुमार
अर्थोपैडिक सर्जन
एमबीबीएस, डी.अर्थो पीएमसीएच
एफआईएमएस (युके)
चिकित्सा पदा. अनुमंडलीय अस्पताल, डुमरांव
हड्डी, नस, गठिया रोग विशेषज्ञ

डा रविशंकर कुमार
एमबीबीएस, एमडी स्कीन
एक्स रेजिडेंस आईजीआईएस, पटना
चर्म रोग विशेषज्ञ
चर्म रोग विशेषज्ञ
प्रत्येक गुरूवार

मोबाईलः- 9122226720
पता- सुमित्रा कॉलेज से पूरब, ढेलवानी मोड़, डुमरांव


## राज्य महादलित आयोग के अध्यक्ष बन पहली बार बक्सर पहुंचे संतोष निराला

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले के पूर्व परिवहन मंत्री संतोष निराला बिहार राज्य महादलित आयोग के अध्यक्ष बनाए गए। जिसको लेकर जदयू पार्टी और उनके समर्थकों में खासा उत्साह देखने को मिला। इस क्रम में राज्य महादलित आयोग का अध्यक्ष बनकर पहली बार पूर्व मंत्री बक्सर जिले पहुंचे। उन्होंने प्रदेश सचिव विनोद राय के साथ सर्वप्रथम ब्रह्मेश्वर नाथ धाम में भगवान शिव की पूजा की। उन्होंने जिले में शांति की कामना की। उसके बाद वो बक्सर अतिथि गृह के लिए रवाना हुए। इस दौरान कृष्णाब्रह्म, भोजपुर, दलसागर, जिला मुख्यालय समेत जगह-जगह उनका स्वागत किया गया। पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं द्वारा फुल माला व बुके देकर उनका स्वागत किया।



उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत जदयू पार्टी वरीय नेताओं और कार्यकताओं का धन्यवाद ज्ञापन किया। साथ ही, राज्य महादलित आयोग के सफल व पारदर्शिता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने की बात कही। इस दौरान उनके साथ प्रदेश किसान सहकारिता उपाध्यक्ष सिद्धेश्वर चौधरी, चौगाईं प्रखंड अध्यक्ष कृष्णा सिंह, सिमरी प्रखंड अध्यक्ष नंदजी प्रसाद, डुमरांव पूर्व प्रखंड अध्यक्ष झुलन सिंह उर्फ समरेश सिंह व अन्य नेतागण मौजूद रहें।

## 31 तक स्नातकोत्तर सेमेस्टर वन में नामांकन के लिए खुला पोर्टल

**बक्सर।** स्नातकोत्तर सेमेस्टर वने सत्रे 2022-24 में नामांकन को लेकरे वीर कुंवर सिंह विश्‍ववि‍द्यालय आरो द्वारो अधिसूचना जारी किया गयो है। जारी अधिसूचना के अनुसारे चार विषयों प्राकृत, भोजपुरी, दर्शनशास्त्रे एवं लोके प्रशासने में नामांकने को लेकर पोर्टल खोला गयो है। नामांकन के इच्छुक व अबतक नामांकन से वंचित विद्यार्थियों को पोर्टल परे 31 जुलाई तक नामांकन के लिए अधिकृत किया गयो है। इच्छुक छात्र-छात्राओं के नामांकन की प्रक्रियो सम्यके रूप से पूर्ण करते हुए 31 जुलाई को शामे 5 बजे तक पोर्टल पर अपडेटे करने को लेकर निर्देशित किया गयो है। नामांकन से वंचित कोई भी छात्र-छात्राएं प्रक्रिया के तहत नामांकन ले सकते है। विश्व विद्यालये ने छात्रहीते को ध्यान में






## सीडीओ ने ली डुमरांव में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान की प्रगति की जानकारी

# सभी के सहयोग से पंचायत बनेंगे टीबी मुक्त: डॉ. शालिग्राम

**केटी न्यूज/बक्सर**

प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान की गति देने के लिए जिला यक्ष्मा केंद्र लगातार प्रयासरत है। पंचायतों को टीबी मुक्त बनाने के लिए प्रखंड अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के कार्यों का निरंतर अनुश्रवण किया जा रहा है। इस क्रम में जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. शालिग्राम पांडेय व डीटीसी के अधिकारियों ने डुमरांव प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का जायजा लिया। जिसमें उन्होंने प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान की प्रगति की समीक्षा की। इस क्रम में सभी कार्य संतोषजनक पाए गए। जिला यक्ष्मा पदाधिकारी ने बताया कि टीबी मुक्त पंचायतों के लिए केंद्र सरकार ने नई गाइडलाइन्स जारी किए हैं। जिसके तहत एक लाख की आबादी पर जिससे टीबी के लक्षणों वाले 1500 मरीजों की जांच करनी है। जिसके लिए प्रखंड अंतर्गत एसटीएस और एसटीएलएस अपने स्तर से फ्रंटलाइन वर्कर्स, एएनएम, जीविका समूह और सीएचओ के माध्यम से लोगों को जांच के लिए जागरूक करें।



**टीबी मुक्त पंचायत के लिए सोंवा और नंदन चयन :** इस दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. आरबी प्रसाद ने बताया कि प्रखंड में टीबी मुक्त पंचायत पहल के लिए सोंवा और नंदन पंचायत का चयन किया गया है। जिसके तहत इन पंचायतों में लोगों को जागरूक करते हुए जांच में तेजी लाई जा रही है। वहीं, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स के माध्यम से टीबी के लक्षण वाले मरीजों का बलगम कलेक्ट कर जांच के लिए भेजा जा रहा है। साथ ही, एसटीएस और एसटीएलएस के जरिये मरीजों की निगरानी भी की जा रही है। इस पर सीडीओ डॉ. शालिग्राम पांडेय ने कहा कि एक हजार की जनसंख्या पर जब एक या इससे कम मरीज मिलने लगेंगे, तभी पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया जाएगा।

**सभी पंचायतों पर करें फोकस :** डॉ. शालिग्राम पांडेय ने कहा कि जब तक आशा कार्यकताओं कीह हड़ताल है, तब तक अन्य सहयोगी विभाग और संस्थानों के सहयोग से जागरूकता अभियान चलाए जाएं। इसमें आंगनबाड़ी केंद्रों और जीविका समूह से समन्वय स्थापित किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि टीबी मुक्त पंचायत पहल का मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायतों के सहयोग से टीबी उन्मूलन की दिशा में कार्य करना है। जिसके तहत पंचायती राज संस्थाओं का सशक्तीकरण ताकि वे टीबी की समस्याओं को बेहतर ढंग से समझ कर आकलन कर सकें। स्थानीय व्यवस्थानुसार समाधान की दिशा में आवश्यक कदम उठा सकें। पंचायतों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा बनें। जिससे टीबी को जल्द से जल्द समाप्त किया जा सके। उन्होंने सख्ती के साथ कहा कि टीबी मुक्त पंचायत पहल के तहत सभी पंचायतों को टीब मुक्त बनाना है।

## खबरें फटाफट

### ट्रैक्टर और बाइक की टक्कर में युवक की मौत, एक घायल

**गड़वार।** गड़वार—बलिया मुख्य मार्ग पर बरवां गांव के पास शनिवार की दोपहर ट्रैक्टर और बाइक की टक्कर में जहां एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल पहुंचाने के साथ ही मृत युवक के शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए मार्चरी हाउस भेज दिया। उधर घटना के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। बलेसर गांव निवासी संजय राम पुत्र मूर्तिलाल व सावन सिकरिया निवासी अमरजीत पुत्र निर्भय पासवान एक ही बाइक पर सवार होकर बलिया आ रहा था, अभी बरवां गांव के पास पहुंचे ही थे कि विपरीत दिशा से आ रहा ट्रैक्टर के साथ जोरदार टक्कर हो गई। जिससे संजय राम की जहां मौके पर ही मौत हो गई। वहीं अमरजीत गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर सैकड़ों की भीड़ जुट गई, मौके का फायदा उठाकर ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया।

### डॉ संजय सिंह को श्रेष्ठ चिकित्सक पुरस्कार



**मऊ।** जनपद में आधुनिक चिकित्सा के जन्मदाता के रुप में डॉ संजय सिंह को लखनऊ में आयोजित हेल्थ कॉन्क्लेव में डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने सम्मानित किया। शनिवार को आयोजित सम्मेलन में स्वास्थ के क्षे. में अति पिछड़े मऊ जनपद में पहले आईसीयू निर्माण के साथ एनआईसीयू, सीसीयू, ब्लड बैंड के साथ ही पूर्वांचल के अत्याधुनिक कैथ लैब की स्थापना के लिए का श्रेय डॉ सिंह को प्राप्त है। डॉ सिंह के नेतृत्व में शारदा नारायण हास्पिटल द्वारा 850 से अधिक सीएमई का आयोजन कर हजारों ग्रामीण चिकित्सकों को आधुनिक चिकित्सा पद्वति से प्रशिक्षित करने के बीच 4200 सौ से अधिक नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजित कर लगभग छह लाख लोगों के स्वास्थ्य की नि:शुल्क जॉच, दवा वितरण करने के साथ स्वास्थ्य की दिशा में जागरुक किया गया है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी की प्रेरणा व मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की तत्परता से पूर्व प्रधानमंत्री जननायक चंद्रशेखर के पैतृक गांव में उनके द्वारा निर्मित, 42 वर्ष से बंद, जननायक चंद्रशेखर हास्पिटल एंड कैंसर इंस्टीट्यूट इब्राहिमपट्टी बलिया का संचालन अक्टूबर 2022 से डॉ सिंह के निर्देशन में किया जा रहा है। गत 20 वर्षों में अप्रतिम चिकित्सकीय योगदान के लिए डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने डॉ संजय सिंह को सम्मानित किया।

# 10 साल पहले लापता हुए पति को अपने करीब पाकर फूट-फूटकर रोने लगी जानकी

**पॉजीटिव खबर**

केटी न्यूज/बलिया



आज के समय में जब अंजू नसरुल्लाह, सीमा हैदर और ज्योति मौर्य वायरल हो रही हैं। अंजू अपने पति को छोड़कर पाकिस्तान चली गई। सीमा अपने पाकिस्तानी पति को छोड़कर भारत आ गई। ज्योति मौर्य ने पीसीएस अधिकारी बनने के बाद पति को तलाक का नोटिस थमा दिया। वहीं इस दौर में देवकली निवासी जानकी ने 10 सालों तक अपने पति का इंतजार किया और जब पति से मुलाकात हुई तो उसकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। दरअसल दिमागी तौर पर कमजोर पति 10 वर्ष पूर्व घर से निकल गया। लेकिन, उसका इंतजार पत्नी जानकी ने कभी नहीं छोड़ा। हर जतन की, हर दरबार में मत्था टेंका। जब पाया तो उनकी खुशी का कोई ठिकाना नहीं रहा।

बता दें कि जिला अस्पताल में देवकली निवासी जानकी अपना इलाज कराने आई थी। वहीं, उसे पागल के रूप में एक व्यक्त दिखाई दिया। बाल, दाढ़ी, मूंछ बढ़ा हुआ। पागल जैसे दिखते आदमी की तरफ बरबस वह खिंचती चली गई। भले ही उसने भी एक नजर में उस आदमी को नहीं पहचाना। लेकिन, गौर से देखा तो उसे लगा कि यह व्यक्ति कोई और नहीं, दस साल से लापता पति है। पति की हालत देखते ही उसकी आंखों से आंसू झड़ने लगे। वह उस पागल आदमी से लिपट गई। महिला रोती जा रही थी। देखने वाले हैरान हो गए। हर कोई यही सोच रहा था कि आखिर यह पागल व्यक्ति कौन है? कुछ देर में महिला अपने होश में आई। मोबाइल निकाला और कॉल करने लगी। इस दौरान वह उस व्यक्ति का चेहरा और बाल सहलाए जा रही थी।

### दूसरों के लिए जानकी बनी प्रेरणास्त्रोत

लोगों ने इन दोनों को देखकर कहना शुरू कर दिया, पत्नी का प्रेम अपने पति के लिए किस प्रकार का होता है, यह इन दोनों को देखकर साबित होता है। भले ही पति पागल है। वह शायद पत्नी के मन की बात को समझ नहीं पा रहा हो, लेकिन महिला का जो व्यवहार था, वह अलग ही था। महिलाओं के प्रेम को जिस प्रकार से कुछ उदाहरणों के जरिए तोलने की कोशिश हो रही है, उसमें जानकी का प्रेम मिथकों को तोड़ता दिखता है। सोशल मीडिया पर भी लोग इसकी सराहना कर रहे हैं।

**खोजने में जितना खर्च किया, उतने में बना लेती घर:** 10 साल से गायब पति को पाकर खुशी जाहिर करते हुए जानकी ने कहा कि ओझा, सोखा हर जगह पति के लिए गई। भगवान से प्रार्थना करती रही। इनको खोजने के लिए जितना खर्च कर दी, उतने में घर बना ली होती। अस्पताल में इलाज करवाने आई थी तो इन्हें देखी। फिर फोटो से पहचान की, ये मेरे पति ही हैं। इनकी मानसिक स्थिति खराब होने से ये गायब हो गए थे। मैं बहुत खुश हूं।

## मानवता की मिसाल: 50-50 रुपए के सहयोग से जुटाए 40 लाख रुपए

# मृत साथी के आश्रितों के लिए मसीहा बने 80 हजार शिक्षक

- प्रावि गोड़धप्पा बांसडीह में कार्यरत दिनेश की सड़क हादसे में हुई थी मौत
- टीएससीटी की पहल पर मदद को आगे गए प्रदेश के 80 हजार से अधिक शिक्षक

केटी न्यूज/बलिया



बेसिक व माध्यमिक शिक्षा परिषद के शिक्षकों के हित के लिए समर्पित संस्था टीचर सेल्फ केयर टीम (टीएससीटी) की पहल पर प्रदेश के चार दिवंगत शिक्षकों के परिजनों को 40-40 लाख रुपए से अधिक की आर्थिक मदद मिली है। इसमें हादसे में मृत जिले के शिक्षक दिनेश दूबे का भी परिवार शामिल है। यह संभव हो सका है पिछले 15 दिनों के अंदर 80 हजार शिक्षकों के 50-50 रुपए के मामूली सहयोग से।

बांसडीह ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय गोड़धप्पा के शिक्षक दिनेश दूबे की होली के दिन शहर से सटे न्यू जेपी नगर स्थित आवास से गांव मनियर क्षेत्र के निपनिया जाते समय सड़क हादसे में मौत हो गई थी। वे टीएससीटी के वैध सदस्य थे। टीम के प्रदेश नेतृत्व ने नियमानुसार सारी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद 15 जुलाई को सहयोग के लिए दिवंगत दिनेश की पत्नी अंजली पाठक के बैंक खाते का विवरण व्हाट्सएप, फेसबुक, टेलीग्राम आदि सोशल साइटों पर जारी किया। टीम के सदस्यों को 15 दिनों के अंदर बैंक खाते में 50-50 रुपए की आर्थिक मदद करनी थी। गुरुवार की रात को निर्धारित समय समाप्त होने तक 80 हजार से अधिक सदस्यों के सहयोग से अंजली के खाते में 40 लाख से अधिक की धनराशि पहुंच गई थी। अंजली के साथ ही महाराजगंज के स्व. पंकज वर्मा, बहराइच के स्व. हृदय राम, सहारनपुर की स्व. मीरा के परिजनों का भी खाता नंबर जारी हुआ था, उन सभी के खातों में 40-40 लाख से अधिक रुपए पहुंचे हैं।

**दो साल पहले हुई थी शादी :** रामायण दूबे व तारा देवी के इकलौते पुत्र दिनेश की शादी दो साल पहले ही अंजली पाठक से हुई थी। दिनेश की एक 11 माह की मासूम बेटी दिव्यांशी है। दिनेश के पिता, मां व पत्नी ने टीएससीटी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जो चला गया उसकी भरपाई तो कोई नहीं कर सकता लेकिन टीएससीटी ने बहुत बड़ा सहयोग किया है।

### ऐसा किया सहयोग

जिले के सक्रिय सदस्य सतीश मेहता ने बताया टीएससीटी के वैध सदस्य की मृत्यु होने पर संगठन का प्रदेश नेतृत्व उसकी पत्नी/नॉमिनी का बैंक खाता व्हाट्सएप, फेसबुक, टेलीग्राम आदि पर जारी करता है। टीम के सदस्य उस खाते में सहयोग, जो अभी 50 रुपए है, करते हैं। बताया कि पहली बार सहयोग राशि 40 लाख के पार पहुंची है। इसके कारण सदस्यों की संख्या में तेजी से हो रही बढ़ोत्तरी है। टीएससीटी का लक्ष्य प्रदेश के अधिसंख्य शिक्षकों को टीम से जोड़ना और किसी वैध सदस्य की मृत्यु पर उनके परिवार का सहयोग करना है। टीम से बेसिक और माध्यमिक के शिक्षक जुड़ सकते हैं। इसके लिए टीएससीटीयूपी डॉट काम पर जाकर रजिस्ट्रेशन और फिर किसी सदस्य की मृत्यु पर उनके परिवार को सहयोग करना होगा। सदस्यता निःशुल्क है। टीम अब तक 119 दिवंगत शिक्षकों के परिवारों को 27 करोड़ की मदद कर चुकी है।

## मऊ के डीएम व एसपी ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

**मऊ।** जिला अधिकारी अरुण कुमार ने पुलिस अधीक्षक के साथ जिला कारागार का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बैरको में जाकर बंदियों से जेल में मिलने वाली सुविधाओं के साथ ही साथ समस्याओं के बारे में भी जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने बैरकों की सघन जांच कराई जिसमें किसी भी प्रकार का कोई आपत्तिजनक वस्तु नहीं पाई गई। जिलाधिकारी ने कारागार अधीक्षक को यह निर्देश दिया कि कोई भी बंदी किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक वस्तुएं साथ में न रखें। उन्होंने बंदियों से मुलाकात करने वालों की भी सघन तलाशी करने को कहा। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने महिला बैरक का भी निरीक्षण किया गया।




## हुसैन की याद में निकला ताजिया जुलूस





**बलिया।** हुसैन की याद में शुक्रवार की देर रातनगर के विशुनीपुर, काजीपुरा, राजपूत नेउरी, परमंदापुर, विजयीपुर, जंगेअली मुहल्ला, गुदरी बाजार, बहेरी और उमरगंज मुहल्ले से ताजिया जुलूस निकाला गया। लोगों ने ताजिये के साथ नगर के विभिन्न मार्गों पर भ्रमण किया। शनिवार की शाम ताजिया अपने नियत स्थान से उठकर नगर और गांव का भ्रमण कर करबला पहुंचा, जहां दफन किया गया। इस दौरान युवाओं ने एक से बढ़कर एक करतब का प्रदर्शन किया। नगर से सटे मिड्ढा गांव के पश्चिम मुहल्ला के दिलदार चौक से अख्तर अंसारी के नेतृत्व में और इब्राहिम पेंटर चौक, पूरब मुहल्ला के महमूद अंसारी चौक और बाजार स्थित गौहर चौक से शुक्रवार की रात ताजिया जुलूस निकाला गया। यह जुलूस अपने नियत स्थान से उठकर बाजार पहुंचा। जहां या हुसैन, या हुसैन के नारे के बीच सभी ताजियों का मिलान हुआ। शनिवार की शाम अपने-अपने चौक से उठकर ताजिए पुनः बाजार पहुंचे। जहां सभी ताजियों के आपस में मिलने के बाद गांव का भ्रमण करते हुए आमडारी गांव स्थित करबला पहुंचा।जहां मिड्ढा, आमडारी, मलकपुरा, हैदरचक आदि स्थानों की ताजियों का पुलिस की देखरेख में मिलान हुआ। इसके बाद ताजिया को करबला में दफनाया गया।




## शिव मंदिर प्रांगण में चल रहे श्री राम कथा का समापन, कथा पूज्या आराधना देवी बोलीं...

# अभिमान रूपी धनुष टूटने पर ही मिलती है शांति रूपी सिया

केटी न्यूज/बलिया



परिखरा के बाबा परमहंस नाथ शिव मंदिर के प्रांगण में चल रहे श्री राम कथा का समापन शनिवार को हुआ। कथा के अंतिम दिवस कथा पूज्या आराधना देवी जी ने कहा कि राम जी ने धनुष को उठा कर तोड़ दिया और जानकी जी ने श्री राम जी को जयमाल पहनाया। धनुष अभिमान का प्रतीक है, वहीं सीता भक्ति है। जीवन में भगवान की भक्ति पाना हो तो अभिमान रूपी धनुष का खंडन करना ही होगा। जब तक ये अभिमान रूपी धनुष नही टूटेगा तब तक भक्ति का आगमन जीवन में नही हो सकता। कहा कि विचार करने योग्य बात ये है कि राम जी ने धनुष को मध्य से ही तोड़ा ऊपर या नीचे से नही। क्योंकि धनुष अभिमान का प्रतीक है और अभिमान कभी बाल्यावस्था में नही होता। बताया कि अभिमान कभी वृद्धावस्था में नही होता बल्कि मध्य के युवावस्था में ही होता है।

कहा कि सफलता प्राप्त करनी हो तो शांति रूपी सिया को पाना हो तो अभिमान रूपी धनुष का टूटना आवश्यक है। बताया कि ठीक उसी तरह रावण बहुत ही ज्ञानी और प्रतापी होते हुए भी अहंकार के कारण प्रभु राम को ही युद्ध के लिए चुनौती कर बैठा। जिसका अंत निश्चय ही था। कथा में पूज्या देवी जी ने रावण वध से प्रभु श्रीराम के अयोध्या लौटने तक का विस्तार पूर्वक वर्णन किया।

### अहंकार से टूटकर बिखर रहा परिवार

कहा कि आज अहंकार के वशीभूत होकर अनेक परिवार टूट कर बिखर रहे। अहंकार के कारण कोई झुकना नही चाहता जिससे परिवार में अशांति फैल रही है। देवी जी ने कहा कि जब धनुष टूटा था तो लोगो ने धनुष से कहा, तुझे राम जी ने तोड़ कर व अपने चरणों में गिरा के तुम्हारा अपमान कर दिया। जिसके बाद धनुष ने कहा मुझे तो टूटना ही था, क्योंकि जब तक मैं जुड़ा रहा लोगो को तोड़ता था। आज मेरा टूटना भी सार्थक हो गया। क्योंकि मेरे टूटने से प्रभु राम और मां सिया का मिलन हुआ। वहीं प्रभु ने मुझे अपने चरणों में गिरा कर मेरा सम्मान किया है।

वरीय अधिकारी समेत सभी जख्मी इलाजरत, कार्रवाई में जुटी पुलिस

# ताजिया निकालने को ले मारपीट घटना में मजिस्ट्रेट समेत 6 घायल

**केटी न्यूज/अरवल**



शनिवार को जिले के सदर थाना क्षेत्र के रोजापर गांव में ताजिया पहलाम स्थल पर मोथा गांव के ताजिया जुलूस के दो लाइसेंसधारी अखाड़े एक-दूसरे से पहले पहलाम करने के लिए आपस में भिड़ गये। उनके इस पवित्र पर्व पर रोजापर गांव में दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। जिसमें दोनों पक्षों की ओर से जमकर तलवार और लाठी-डंडे चले। इस झड़प में पांच युवक समेत बीच-बचाव करने आए प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट देव ज्योति बुरी तरह जख्मी हो गए हैं। सूचना मिलने के बाद भारी संख्या में पुलिस बल ने आकर हालात को काबू किया। जिसके बाद घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। जहां सभी का इलाज किया गया।

बताया जाता है कि घटना में मजिस्ट्रेट देव ज्योति के होठ पर गहरी चोट आयी है। वहीं, अली इमाम खान के बेटे राजा खान, तेजू खान, गुड्डू खान, चंडू खान के बेटे राजा खान और लादिल इमाम जख्मी हुए हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल राजा कुमार ने बताया कि दूसरी कमेटी के लोग हम लोगों को ताजिया पहलाम करने के लिए नहीं जाने दे रहे थे। बातचीत के दौरान ही तलवार और लाठी डंडे से मारपीट करने लगे।

**दोनों पक्षों पर कार्रवाई शुरू :** घटना के संबंध में एसपी मो. कासिम ने बताया कि रोजापर गांव के दो कमेटी ताजिया जुलूस निकालते हैं। पहलाम करने को लेकर जिस कमेटी में ज्यादा भीड़ थी उस कमेटी के लोग पहले पहलाम करने लगे। जिसके कारण दूसरी कमेटी के सदस्यों ने उनका विरोध किया। उनका कहना था कि हर साल उनकी कमेटी पहले पहलाम करती है। इसी विवाद को लेकर दोनों कमेटी के बीच में लाठी-डंडे चले। जिसमें मजिस्ट्रेट समेत छह लोग जख्मी हो गए। उन्होंने बताया कि गांव में शांति बहाल के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। मामले को लेकर 11 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी कराई गई है। साथ ही, दोनों पक्षों के लाइसेंस के लिए दिए आवेदन में उल्लेखित वॉलिंटियर्स के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

## जिले के स्कूलों में कभी भी बंद हो सकता है मिड डे मील का संचालन

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

एक ओर जहां विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने की मुहिम चल रही है, वहीं दूसरी ओर स्कूल तक बच्चों को खींचने वाले महत्वपूर्ण योजना मध्याह्न भोजन के संचालन पर ग्रहण लग रहा है। जिले के सभी 905 प्राथमिक और मध्य विद्यालय में मिड डे मील की आवश्यक सामग्रियों की आपूर्ति करने वाले वेंडरों को तीन महीने से भुगतान नहीं हुआ है। हालात यह है कि लगभग एक स्कूल के वेंडर को एक लाख रुपए तक बकाया हो गया है। इस हालात में वे लोग अब सामग्री देने से आनाकानी करने लगे हैं। हालांकि इन दिनों विद्यालय का निरीक्षण नियमित तौर पर हो रहा है। ऐसे में प्रधानाध्यापक को मिड डे मील संचालित रखना जरूरी हो गया है। विद्यालय प्रभारी को हमेशा इस बात की चिंता बनी रहती है कि निरीक्षण के क्रम में किसी चीज की कोई कमी नहीं पाया जाए। इस स्थिति में विद्यालय के प्रभारी वेंडर से आरजू विनती कर आवश्यक सामग्रियों की आपूर्ति सुनिश्चित करवा रहे हैं।

**चावल छोड़ अन्य सभी सामग्रियों के लिए वेंडर पर निर्भरता :** स्कूलों में मध्यान्ह भोजन योजना के संचालन के लिए चावल को छोड़कर अन्य सामग्रियों को वेंडर के माध्यम से ही खरीदा जाता है। इसके लिए कई दुकानदारों द्वारा वेंडर का रजिस्ट्रेशन शिक्षा विभाग से लिया गया है। विद्यालय के प्रभारी की इच्छा और सुविधा के अनुसार निकटवर्ती वेंडर से स्कूल को टैग किया गया है। टैग किए गए वेंडर से हीं आवश्यक सामग्री विद्यालय के प्रभारी लेते हैं। वेंडर लिए गए सामान का वाउचर बनाकर बिल ऑनलाइन विभाग को भेजते हैं। जिसके आधार पर वेंडर के खाते में पैसे भेजे जाते हैं। जिले के सभी 905 विद्यालय के वेंडर प्रत्येक महीने ऑनलाइन वाउचर तथा बिल भेज रहे हैं, लेकिन खाते में तीन महीने से पैसा नहीं आया है।

## मातमी जुलूस और या हुसैन के साथ अली नगर पाली में संपन्न हुआ मोहर्रम

**जहानाबाद।** जिले के अलीनगर पाली गांव में मुहर्रम की 10 तारीख को सुबह से मजलिस मातम और नौहा का दौर जारी रहा।सबसे पहले सुबह में अलम का जुलूस इमामबाड़े से निकलकर पूरे गांव घूमते हुए कर्बला पहुंचा। जहां आलम का पहलाम हुआ। वहीं, दोपहर में ताजिया-सीकर पूरे गांव में गश्त के लिए निकला और मुहर्रम की अलविदाई मजलिस अलीनगर पाली इमामबाड़े में डॉ. इरशाद हसन मासूमी और सैयद अलमदार हुसैन द्वारा पढ़ा गया। बाद में मजलिस नयाज काजमी और जीशान काजमी ने नोहा पढ़ा और सभी अकीदतमंदों ने या हुसैन के नाम पर सिनाजनी करते रहे।

मातम की समाप्ति के बाद जुलूस कर्बला पहुंचा। जहां सिपर ताजिया और सभी फुल का पहलाम हुआ। इस मौके पर सैयद सलाम हुसैन ने कहा कि मुहर्रम पर्व मोहम्मद साहब के नवासे इमाम हुसैन की कर्बला में शहादत की याद में मनाया जाता है। ईमाम हुसैन हक के रास्ते पर चलते थे और यजीद़ अपनी हुकूमत चलाना चाहता था। और इसी को लेकर कर्बला की जंग हुई जिसमें इमाम हुसैन ने अपने परिवार और दोस्तों के साथ 72 की कुबार्नी दी और विजय प्राप्त किया। अलीनगर पाली मुहर्रम की खास बात यह है के एस गांव में सभी धर्म के लोग मुहर्रम में शिरकत करते है।









### घटना में पुलिस जीप, पांच बाइक और मजलिस के लिए लगा टेंट पूरी तरह से क्षतिग्रस्त

# वाराणसी में ताजिया जुलूस के दौरान भिड़े शिया-सुन्नी, घटना में 50 घायल

**केटी न्यूज/वाराणसी**



उत्तर प्रदेश के वाराणसी में ताजिया जुलूस के रास्ते के विवाद में शनिवार को दो पक्षों के बीच जमकार मारपीट हुई। जिसमें शिया और सुन्नी समुदाय के लोगों एक दूसरे पर जमकर हमला बोला। इस दौरान मारपीट और पथराव में दोनों तरफ से लगभग 50 लोग घायल हो गए। वहीं, घटना में पुलिस जीप, पांच बाइक और मजलिस के लिए लगा टेंट पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं, घटना की जानकारी होने के बाद पुलिस कमिश्नर अशोक जैन, डीएम एस. राजलिंगम, एडीजी जोन रामकुमार समेत बड़े अफसर मौके पर पहुंच गए। विधि-वयवस्था को काबू करने के लिए दोषीपुरा, नक्खीघाट समेत आसपास के इलाकों में भारी पुलिस बल और आरएएफ की तैनाती की गई।

दसवीं मोहर्रम पर इमाम चौक की तरफ से दोषीपुरा के सुन्नी समुदाय के इब्राहिम की ताजिया के लिए परंपरागत रूट तय है, लेकिन दोपहर में उसके पीछे नक्खीघाट के सुन्नी समुदाय के लोग छोटी-बड़ी आठ और ताजिया लेकर जीटी रोड के रास्ते पर पहुंच गए। यह जानकारी होते ही शिया समुदाय के लोगों ने इमाम चौक के रास्ते को लोहे का एंगल लगाकर बंद कर दिया। इस पर तकरार शुरू हो गई। दोनों पक्ष के लोगों के जुटने की सूचना पर मौके पर डीसीपी काशी आरएस गौतम फोर्स के साथ पहुंचे।

### पुलिस जब तक लोगों को रोकती, पथराव शुरू

करीब दो घंटे तक मान-मनौव्वल चला। इसी बीच इमाम चौक पर सुन्नी समुदाय के लोगों का जमावड़ा बढ़ गया। पुलिस जब तक लोगों को रोकती, पथराव शुरू हो गया। दोनों ओर से जमकर ईंट-पत्थर चलने लगे। करीब डेढ़ घंटे तक रुक-रुक कर पथराव होता रहा। इस दौरान अफरातफरी का माहौल रहा। हिंसा में 50 से अधिक लोग घायल हो गए। 38 का कबीरचौरा स्थित मंडलीय अस्पताल में उपचार कराया गया। वहीं कुछ का निजी अस्पतालों में उपचार कराया गया। पुलिस आयुक्त ने बताया कि शांति व्यवस्था कायम है। बवालियों की पहचान की जा रही है। उन पर मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।




## उर्वरक के दो दुकानदारों को टीम ने जारी किया कारण बताओ नोटिस

**केटी न्यूज/चंदौली**



जिला कृषि विभाग की ओर से जनपद के 35 उर्वरकों की दुकानों पर शनिवार को छापेमारी की गई। 21 दुकानों से उर्वरक के नमूने लिए गए और दो दुकानदारों दुकान बंद कर फरार होने के कारण उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। साथ ही विभाग के अधिकारियों ने चेतावनी दिया कि किसानों को उचित दर पर ही उर्वरक दें।अगर कोई भी शिकायत मिली तो कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

जिला कृषि अधिकारी जनार्दन के नेतृत्व में बनाई गई टीम ने जनपद के सभी तहसील क्षेत्रों में रविवार को औचक छापेमारी की। मुख्यालय स्थित रेलवे क्रॉसिंग के समीप, बनौली चट्टी, जनसोऔ की मडई, चकिया, सैदुपुर, शहाबगंज, कांटा, सकलडीहा, तुलसी आश्रम, कमालपुर हित कुल 35 दुकानों पर छापेमारी की गई। इसमें 21 दुकानों पर उर्वरकों के नमूने लिए गए और इसे जांच के लिए भेज दिया गया। कमालपुर में दो उर्वरक की दुकान बंद पाए जाने पर उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। साथ ही चेतावनी दी कि इसका स्पष्टीकरण तत्काल दे नहीं तो कार्रवाई के लिए तैयार रहे। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि किसानों की समस्या के समाधान के लिए शासन और प्रशासन दोनों गंभीर है।किसी भी प्रकार की किसानों को उर्वरक के लिए समस्या नहीं होने दी जाएगी। जनपद की जो भी उर्वरक की दुकानें हैं, वे किसानों को उचित दर पर उर्वरक मुहैया कराएं। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षण में नहीं होगी।

## वर्तमान में बदल रहे है सामाजिक संस्थाओं के प्रतिमान : कंचन शिवम

**गाजीपुर।** पीजी कालेज गाजीपुर में पूर्व शोध प्रस्तुत संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी महाविद्याल के अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ तथा विभागीय शोध समिति के तत्वावधान में महाविद्यालय के सेमिनार हाल में संपन्न हुई, जिसमें महाविद्यालय के प्राध्यापक, शोधार्थी व छात्र/ छात्राएं उपस्थित रहे।

उक्त संगोष्ठी में समाजशास्त्र विषय की शोधार्थिनी कंचन शिवम ने अपने शोध प्रबंध शीर्षक ग्रामीण हिंदू सामाजिक संस्थाओं के बदलते प्रतिमान नामक विषय पर शोध प्रबंध व उसकी विषय वस्तु प्रस्तुत करते हुए कहा कि भारत की जनसंख्या का लगभग 70 प्रतिशत भाग ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करता है। गांव हमारे लोक जीवन के समग्र पहलूओं जैसे सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों एवं परंपराओं को अपने में समेटे हुए है। ग्रामीण समाज में संयुक्त परिवार, विवाह, नातेदारी, धर्म, शिक्षा तथा जजमानी आदि प्रमुख सामाजिक आदि संस्थाएं हैं। इसके अंतर्गत कानून, सविधि, नियम, अधिनियम, रिवाज, लोकाचार, लोकरीतियां, निषेध, फैशन, संस्कार, धार्मिक क्रियाएं एवं उत्सव, परंपराएं, शिष्टाचार है जो हमारे जनरीतियों, रुढियों एवं प्रथा में निहित है। वर्तमान में सामाजिक संस्थाओं के प्रतिमान बदल रहे हैं जिनका योगदान मनुष्य को सामाजिक बनाने, सामाजिक संगठन को स्थायित्व प्रदान करने समाज को नियंत्रित करने समाज के एकीकरण और एकरूपता प्रदान करने, सामाजिक आदर्श एवं सामाजिक परंपराओं की रक्षा करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।




### कैप्टन कामेश सिंह को मिला बेस्ट एएनओ पुरस्कार

**चंदौली।** लाल बहादुर शास्त्री पीजी कॉलेज के कैप्टन कामेश सिंह को एडीजी एनसीसी मेजर जनरल विक्रम कुमार के द्वारा बीएचयू में आयोजित कार्यक्रम बेस्ट एनसीसी एएनओ का पुरस्कार दिया गया। इस कार्यक्रम में 91 बटालियन एनसीसी मुगलसराय के सी ओ कर्नल पीके मिश्रा एडम अफसर नारायण सिंह भी उपस्थित रहे।कैप्टन कामेश को वेस्ट पुरस्कार मिलने पर शुक्रवार को महाविद्यालय के मुख्य परिसर में कालेज के प्रबंधक राजेश कुमार तिवारी व प्राचार्य प्रो उदयन मिश्रा ने उनके इस सम्मान व सफलता पर हार्दिक स्वागत अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर बंदना ओझा, प्रो. मनोज कुमार पांडे, विवेक सिंह, डॉ. पंकज कुमार, प्रोफेसर डीके राय, डॉ. हर्ष कुमार श्रीवास्तव,डॉ. युवराज, डॉ संजय प्रताप सिंह, मनोज कुमार वर्मा, मो साकिब, राहुल सिंह, रंजीत भट्टाचार्य, सुरेंद्र सिंह, सुनील सिंह व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## प्रदेश में राष्ट्रीय नलकूपों पर्याप्त मात्रा में नहीं मिल रही बिजली: पूर्व विधायक

**केटी न्यूज/चंदौली**



जनपद में सिंचाई संकट के बीच समाजवादी पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय सचिव व पूर्व विधायक मनोज सिंह डब्लू ने शनिवार को बड़ा खुलासा किया। कहा कि जनपद में स्थापित राजकीय नलकूप नहीं चल पा रहे हैं। क्योंकि नलकूपों को पर्याप्त व सही वोल्टेज में बिजली नहीं मिल रही है। लो वोल्टेज के कारण एक सप्ताह से नहीं चल पा रहे हैं। ये आरोप या शिकायत नहीं, बल्कि एक्सईएन नलकूप खंड के सरकारी स्वीकृति है जिसे उन्होंने पत्र के प्रारूप में अधीक्षण अभियंत्रता नलकूप मण्डल वाराणसी को बीते 28 जुलाई को प्रेषित किया है।

सपा नेता मनोज सिंह डब्लू ने एक्सईएन नलकूप के पत्र का हवाला देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश में किसानों के लिए ऐसी त्रासदी कभी नहीं आयी थी। विकास के बड़े-बड़े दावों के अधिकारियों के सिंचाई संसाधनों के फेल होने की आधिकारी स्वीकृति ये पुष्ट करती है कि सूबे में कुछ भी ठीक नहीं चल रहा है। जिस तरह अधिकारी ने पत्र में नलकूपों के फेल होने का जिक्र किया है। वह किसानों की बची हुई उम्मीदों को तोड़ने वाला।

पत्र में स्पष्ट किया गया है कि लो-वोल्टेज की समस्या से कई बार चंदौली के सांसद व केंद्रीय मंत्री डा.महेंद्रनाथ पांडेय के साथ ही विधायक मुगलसराय, चकिया व सैयदराजा को भी अवगत कराया गया है, ताकि बिजली विभाग से संवाद स्थापित कर उसे दूर किया जाए, लेकिन समस्या यथावत है और पिछले एक सप्ताह से नलकूप पूरी क्षमता से नहीं चल पा रहे हैं। बताया कि अधिकारी ने बीते 17 जुलाई को आयोजित दिशा की बैठक व 19 को आयोजित किसान दिवस का जिक्र किया है, जिस पटल पर यह समस्या उठाई गयी थी। फिर भी समाधान नहीं हुआ को 10 दिनों का वक्त निकल गया। ऐसे में सांसद व विधायक के साथ ही उनके प्रतिनिधियों को दूसरों पर कटाक्ष करने की बजाय इन समस्याओं पर गौर फरमाना चाहिए। बड़े-बड़े दावे करने की बजाय उन्हें सिवान में जाकर किसानों के खेत को जरूर देखना चाहिए। भाजपा के नेताओं किसानों के बीच जाकर यह बताने का काम करें कि ऐसी परिस्थितियों में जब किसानों को सिंचाई के लिए पानी ही नहीं मिल पा रहा है तो उनकी आय दोगुनी कैसे होगी?

### स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बीए, बीएससी व बीएससी कृषि, में आनलाईन प्रवेश प्रारम्भ

# पीजी कालेज में स्नातक स्तर पर आनलाईन प्रवेश शुरू

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गाजीपुर में स्नातक स्तर पर बीए, बीएससी(गणित एवं जीवविज्ञान बीवी) व बीएससी कृषि, में आनलाईन प्रवेश प्रारम्भ हो गया है। स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गाजीपुर के प्राचार्य प्रोफे० (डॉ०) राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने स्नातक स्तर पर प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ होने की जानकारी देते हुए बताया कि प्रवेश हेतु सफल अभ्यर्थियों की मेरिट सूची कक्षावार श्रेणी व आरक्षण के अनुसार जारी की गयी है।

प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित सफल अभ्यर्थियों को प्रवेश हेतु कालेज की वेबसाइट- www.pgcghazipur.ac.in पर सूची अपलोड कर दी गयी है। प्रवेश परीक्षा में सफल अभ्यर्थी प्रवेश हेतु अपना आवेदन 29 जुलाई 2023 से 31 जुलाई 2023 तक आनलाईन आवेदन- पत्र भर सकते हैं। अभ्यर्थी आनलाईन भरे गए आवेदन - पत्र डाउनलोड कर आवश्यक अभिलेखों की मूल प्रति के साथ कालेज में काउन्सलिंग समिति के समक्ष 31 जुलाई 2023 से 02 अगस्त 2023 तक प्रस्तुत/जमा करेंगे। महाविद्यालय प्रशासन द्वारा जारी निर्धारित समयानुसार प्रवेश आवेदन -पत्र व शुल्क जमा न करने पर उक्त सीट रिक्त मानी जायेगी और पुनः प्रवेश हेतु कोई अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा। प्रवेश हेतु जारी मेरिट सूची से रिक्त सीटों पर उक्त मेरिट सूची से नीचे के अभ्यर्थियों को प्रवेश हेतु अवसर प्रदान किया जायेगा।

प्राचार्य प्रोफे० (डॉ०) राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गाजीपुर ने प्रवेश में डिजिटल इण्डिया एवं पूर्ण पारदर्शिता की नीति अपनाते हुए डल्ल’ल्ली उङ्ग४ल्लरी’ॅल्लॅ ( आनलाईन काउन्सलिंग) की व्यवस्था की गयी है। आनलाईन काउन्सलिंग द्वारा अभ्यर्थी अपने घर बैठे पूर्ण पारदर्शिता के साथ प्रवेश आवेदन- पत्र भर सकते हैं। प्राचार्य प्रोफेसर पाण्डेय ने सम्मानित अभिभावकों से अपील की है कि समय रहते अपने पाल्यों का आवेदन-पत्र आनलाईन भरवाकर सम्बन्धित अभिलेखों की मूल- प्रति के साथ काउन्सलिंग समिति के समक्ष प्रस्तुत/जमा करने में सहयोग करें। प्रवेश के लिए सभी प्रक्रिया आनलाईन है। इसलिए कोई अभ्यर्थी व अभिभावक किसी बिचौलिए के झांसे में न आए और न ही किसी को प्रवेश करा देने के नाम पर कोई धनराशि या घूस दे। यदि किसी को प्रवेश करा देने के नाम पर कोई धनराशि या घूस दी जाती है तो इसकी पूरी जिम्मेदारी सम्बन्धित अभ्यर्थी एवं अविभावक की ही होगी।

